**केन्द्रीय विद्यालय संगठन/ KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN**
**लखनऊ संभाग/LUCKNOW REGION**
**पूरक परीक्षा -२०२४ /SUPPLEMENTARY EXAMINATION -2024**
**कक्षा-11/CLASS- XI**
**विषय :भूगोल /SUBJECT: GEOGRAPHY**

**समय /TIME: 3 घंटा /Hrs.** **अधिकतम अंक/ M.M.: 70**

---

**General Instructions:**

1. This question paper contains **30** questions. **All** questions are **compulsory.**
2. This question paper is divided into **five** sections. **Sections-A, B, C, D and E.**
3. **Section A** - Question number **1 to 17** are Multiple Choice type questions carrying 1 mark each.
4. **Section B-** Question number **18 and 19** are Source based questions carrying 3 marks each.
5. **Section C-** Question number **20 to 23** are Short Answer type questions carrying 3 marks each. Answer to these questions shall be written in 80 to 100 words.
6. **Section D** Question number **24 to 28** are Long Answer type questions carrying 5 marks each. Answer to these questions shall be written in 120 to 150 words.
7. **Section E** Question number 29 and 30 are Map based questions carrying 5 marks each.

**सामान्य निर्देश-**

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **30** प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं|
(ii) सभी प्रश्नों के अंक उनके सामने दर्शाए गए हैं।
(iii) प्रश्न पत्र **5** खंडों अ, ब, स, द और य में बांटा गया है।
(iv) खंड अ में प्रश्न संख्या **1** से **17** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, प्रत्येक **01** अंक के हैं|
(v) खंड ब में प्रश्न **18** और **19** स्रोत आधारित प्रश्न हैं, प्रत्येक **03** अंक के हैं|
(vi) खंड स में प्रश्न संख्या **20** से **23** लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक **03** अंक के हैं| इन प्रश्नों के उत्तर 80-100 शब्दों में होने चाहिए|
(vii) खंड द में प्रश्न संख्या **24** से **28** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **05** अंक के हैं|इन प्रश्नों के उत्तर 120-150 शब्दों में होने चाहिए |
(viii) खंड य प्रश्न संख्या **29** और **30** मानचित्र आधारित प्रश्न हैं, जिनमें सात उप**-** भाग हैं।मानचित्र पर भौगोलिक विशेषताओं की पहचान या स्थान और लेबलिंग से संबंधित हैं।
(ix) आपको प्रदान किए गए विश्व और भारत के रूपरेखा मानचित्र आपकी उत्तर पुस्तिका में संलग्न होने चाहिए।
(x) रूपरेखा मानचित्र बनाने के लिए टेम्प्लेट या स्टेंसिल के उपयोग की अनुमति है।

## SECTION-A (खंड-अ)

Q.1. Which of the following is not included in Diastrophism? 1

A) Volcanism
B) Plate tectonics
C) Earthquake
D) Orogeny

निम्नलिखित में से कौन पटलविरूपण में शामिल नहीं है-

(अ) ज्वालामुखी
(ब) प्लेट विवर्तनिकी
(स) भूकंप
(द) पर्वत निर्माण

Q.2. Which one of the following is not related to the formation or modification of the present atmosphere? 1

(A) Solar winds
(B) Photosynthesis
(C) Degassing
(D) Differentiation

निम्नलिखित में से कौन सा वर्तमान वायुमंडल के निर्माण अथवा परिवर्तन से संबंधित नहीं है|

(अ) सौर पवनें
(ब) प्रकाश संश्लेषण
(स) डीगैसिंग
(द) विभेदीकरण

Q.3. **Consider the following statements and choose correct option from the given options-** 1

Assertion – The Seasonal Contrasts in weather at places such as Delhi, Kanpur and Amritsar affect the entire sphere of life.

Reason – Areas in the interior of India are far away from the moderating influence of the sea.

(A)Assertion is correct but Reason is false.
(B)Assertion and Reason are true but Reason is not the correct explanation of Assertion
(C)Both Assertion and Reason are true and Reason is correct explanation of Assertion.
(D)None of these.

निम्न कथन और कारण को देखते हुए सही उत्तर का चयन कीजिये –

अभिकथन – दिल्ली, कानपुर और अमृतसर जैसे स्थानों पर होने वाले मौसमी परिवर्तन पूरे जीवन को प्रभावित करते हैं |

कारण – भारत के अंदरूनी भाग समुद्र के समकारी प्रभाव से वंचित रह जाते हैं |

(अ)अभिकथन सही है और कारण गलत है |
(ब)अभिकथन तथा कारण दोनों सही है परन्तु कारण अभिकथन का सही विश्लेषण नही करता |
(स)अभिकथन तथा कारण दोनों सही है तथा कारण अभिकथन का सही विश्लेषण करता है |
(द)इनमें से कोई नहीं |

Q.4. Arrange the following cities in decreasing order of the rainfall they receive from the south-west monsoons: 1

1. Prayagraj 2. Kolkata 3. Delhi 4. Patna
(A) 2 4 1 3
(B) 3 1 4 2
(C) 1 4 3 2
(D) 2 4 3 1
निम्नलिखित शहरों को दक्षिण-पश्चिम मानसून से प्राप्त होने वाली वर्षा के घटते क्रम में व्यवस्थित करें:
1. प्रयागराज 2. कोलकाता 3. दिल्ली 4. पटना
(अ) 2 4 1 3
(ब) 3 1 4 2
(स) 1 4 3 2
(द) 2 4 3 1

Q.5. The air that contains moisture to its full capacity: 1
(A) Relative humidity
(B) Absolute humidity
(C) Specific humidity
(D) Saturated air
वह वायु जिसमें अपनी पूरी क्षमता तक आर्द्रता होती है, कहलाती :
(अ) सापेक्षित आर्द्रता
(ब) निरपेक्ष आर्द्रता
(स) विशिष्ट आर्द्रता
(द) संतृप्त वायु

Q.6. Which one of the following river was known as the 'Sorrow of Bihar'? 1
(A)The Gandak
(B)The Kosi
(C )The Son
(D)The Damodar
निम्नलिखित में से कौन- सी नदी 'बिहार का शोक' के नाम से जानी जाती थी ?
(अ)गंडक
(ब)कोसी
(स)सोन
(द)दामोदर

Q.7. Which one of the following is the source region for the formation of air masses? 1
(A) the Equatorial forest
(B)the Himalayas
(C )The Siberian Plain
(D)The Deccan Plateau
निम्नलिखित में से कौन वायुराशियों के निर्माण का स्रोत क्षेत्र है?
(अ) विषुवतरेखीय वन
(ब) हिमालय
(स) साइबेरिया का मैदान
(द) दक्कन का पठार

Q.8. Which one of the following is not a minor relief feature in the oceans: 1
(A) Seamount
(B) Atoll

(C) Oceanic Deep
(D) Guyot
महासागरों में निम्नलिखित में से कौन सा लघु उच्चावच नहीं है?
(अ) सागर पर्वत
(ब) एटोल (प्रवाल द्वीप)
(स) महासागरीय गर्त
(द) गयोट्स

Q.9. Which one of the following latitudinal extent is relevant for the extent of India's area? 1
(A) 8°41'N - 35°7'N
(B) 8°4'N - 35°6'N
(C) 8°4'N - 37°6'N
(D) 6°45'N - 37°6'N
निम्नलिखित में से कौन सा अक्षांशीय विस्तार भारत कि सम्पूर्ण भूमि के विस्तार के सम्बन्ध में प्रासंगिक है?
(अ) 8°41'N - 35°7'N
(ब) 8°4'N - 35°6'N
(स) 8°4'N - 37°6'N
(द) 6°45'N - 37°6'N

Q.10. What is the actual distance length-wise from East to West of India? 1
A)3214 km
B)2933 km
C)3000 km
D) 3300 km
भारत का पूर्व से पश्चिम वास्तविक विस्तार कितना है?
(अ) 3214 किलोमीटर
(ब) 2933 किलोमीटर
(स) 3000 किलोमीटर
(द) 3300 किलोमीटर

Q.11. Which one of the water bodies separates the Andaman from the Nicobar? 1
(A)11° Channel
(B) 10° Channel
(C) Gulf of Mannar
(D) Andaman Sea
अंडमान और निकोबारको कौन-सा जल-क्षेत्र अलग करता है?
(अ)11° चैनल
(ब)10° चैनल
(स) मन्नार की खाड़ी
(द) अंडमान सागर

Q.12. Which one of the following is not a fact regarding South India? 1
(A) Diurnal range of temperature is less here.
(B) Annual range of temperature is less here.
(C) Temperatures here are high throughout the year
(D) Extreme climatic conditions are found here.
दक्षिण भारत के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा तथ्य नहीं है?
(अ) यहां तापमान की दैनिक परास कम है।
(ब) यहाँ तापमान की वार्षिक परास कम है।
(स) यहां पूरे वर्ष तापमान अधिक रहता है

(द) यहाँ अत्यधिक जलवायु परिस्थितियाँ पाई जाती हैं।

Q.13. The headstreams of river Ganga are – 1

(A) Alaknanda and Ghaghra
(B) Alaknanda and Bhagirathi
(C) Gangotri and Gandak
(D) Gangotri and Yamunotri

गंगा नदी की शीर्ष धाराएं हैं-
(अ) अलकनंदा और घाघरा
(ब) अलकनंदा और भागीरथी
(स) गंगोत्री और गंडक
(द) गंगोत्री और यमुनोत्री

Q.14. With reference to Indian forests, consider the following pairs: 1


1. Tropical Moist Deciduous Forests : Sandalwood
2. Tropical Dry Deciduous Forests : Palas
3. Tropical Thorn Forests : Mahogony


Which of the pairs given above is/are correctly matched?
(A) Only 1
(B) 1 and 2
(C) 2 and 3
(D) 1,2 and 3

भारतीय वनों के संदर्भ में, निम्नलिखित युग्मों पर विचार करें:
1. उष्णकटिबंधीय नम पर्णपाती वन: चंदन
2. उष्णकटिबंधीय शुष्क पर्णपाती वन: पलास
3. उष्णकटिबंधीय कांटेदार वन: महोगनी

ऊपर दिए गए युग्मों में से कौन सा/से सही सुमेलित है/हैं?
(अ) केवल 1
(ब)1 और 2
(स) 2 और 3
(द) 1,2 और 3

निम्नलिखित चित्रों  का अध्ययन कीजिए और  प्रश्न संख्या **15** से **17** के उत्तर दीजिए-
**Read the following figures and answer question no 15 to 17.**




Q.15. What is a Seismic shadow zone? 1

(A)An area where no seismic activity is recorded after an earthquake
(B)An area that gets dark during an earthquake
(C) An area that experiences a tsunami
(D) An earthquake that occurs at night

भूकंपीय छाया क्षेत्र क्या है?

(अ)  ऐसा क्षेत्र जहां भूकंप के बाद कोई भूकंपीय गतिविधि दर्ज नहीं की जाती है
(ब) वह क्षेत्र जो भूकंप के दौरान अंधेरा हो जाता है
(स) एक क्षेत्र जो सुनामी का अनुभव करता है
(द) रात में आने वाला भूकंप

Q.16. Which one of the following earthquake waves is more destructive? 1

(A) P- waves
(B) Surface waves
(C) S-waves
(D)None of the above

निम्नलिखित भूकंप तरंगों में से कौन सी अधिक विनाशकारी है?
(अ) प्राथमिक तरंगे
(ब) धरातलीय तरंगे
(स)द्वितीयक तरंगे
(द) उपरोक्त में से कई नहीं

Q.17. The S waves can travel through- 1
(A) Liquids but not solids
(B) Only in Solid materials
(C) Both Liquids and Solids
(D) Neither solid nor liquid
S तरंग यात्रा कर सकती हैं:-
(अ) तरल पदार्थ लेकिन ठोस नहीं
(ब) केवल ठोस माध्यम में
(स) तरल और ठोस दोनों
(द) न तो ठोस और न ही तरल

**Note: The following 15-17 questions are for Visually Impaired Candidates only-**
नोट: निम्नलिखित प्रश्न संख्या **15** से **17** केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए हैं**-**

**15.1 What is a Seismic shadow zone?**
(A)An area where no seismic activity is recorded after an earthquake
(B)An area that gets dark during an earthquake
(C) An area that experiences a tsunami
(D) An earthquake that occurs at night
भूकंपीय छाया क्षेत्र क्या है?
(अ) ऐसा क्षेत्र जहां भूकंप के बाद कोई भूकंपीय गतिविधि दर्ज नहीं की जाती है
(ब) वह क्षेत्र जो भूकंप के दौरान अंधेरा हो जाता है
(स) एक क्षेत्र जो सुनामी का अनुभव करता है
(द) रात में आने वाला भूकंप

**16.1 Which one of the following earthquake waves is more destructive?**
(A) P- waves
(B) Surface waves
(C) S-waves
(D)None of the above
निम्नलिखित भूकंप तरंगों में से कौन सी अधिक विनाशकारी है?
(अ) प्राथमिक तरंगे
(ब) धरातलीय तरंगे
(स)द्वितीयक तरंगे
(द) उपरोक्त में से कई नहीं

**17.1 The S waves can travel through-**
(A) Liquids but not solids
(B) Only in Solid materials
(C) Both Liquids and Solids
(D) Neither solid nor liquid

एस तरंग यात्रा कर सकती हैं:-
(अ) तरल पदार्थ लेकिन ठोस नहीं
(ब) केवल ठोस माध्यम में

(स) तरल और ठोस दोनों
(द) न तो ठोस और न ही तरल

**खंड-ब /SECTION-B**

**प्रश्न 18 और 19 स्रोत आधारित प्रश्न हैं। /Question 18 & 19 are Source Based questions.**

Q.18 **Read the given Passage carefully and answer the questions that follow:** 1x3

**WILDLIFE CONSERVATION IN INDIA**

The protection of wildlife has a long tradition in India. Many stories of Panchtantra and *jungle* Books, etc. have stood the test of time relating to the love for wildlife. These have a profound impact on young minds.

In 1972, a comprehensive Wildlife Act was enacted, which provides the main legal framework for conservation and protection of wildlife in India. The two main objectives of the act are; to provide protection to the endangered species listed in the schedule of the Act and to provide legal support to the conservation areas of the country classified as National parks, sanctuaries and closed areas. This Act has been comprehensively amended in 1991, making punishment more stringent and has also made provisions for the protection of specified plant species and conservation of endangered species of wild animals.

There are 102 National parks and 515 wildlife sanctuaries covering an area of 15.67 million hectares in the country.

For the purpose of effective conservation of flora and fauna, special steps have been initiated by Government of India in collaboration with UNESCO's 'Man and Biosphere Programme'. Special schemes like Project Tiger and Project Elephant have been launched to conserve these species and their habitat in a sustainable manner.

The Project Tiger has been implemented since 1973. The main objective of the Project Tiger scheme is to ensure maintenance of viable population of tigers in India for scientific, aesthetic, cultural and ecological values, and to preserve areas of biological importance as natural heritage for the benefits, education and enjoyment of the people. Initially, the Project Tiger was launched in nine tiger reserves, covering an area of 16,339 sq. km, which has now increased to 44 tiger reserves, encompassing 36,988.28 sq. km of core tiger habitats distributed in 17 states. The tiger population in the country has registered an increase from 1,411 in 2006 to 1,706 in 2010.

Project Elephant was launched in 1992 to assist states having free ranging population of wild elephants. It was aimed at ensuring long- term survival of identified viable population of elephants in their natural habitat. The Project is being implemented in 17 states.

Apart from this, some other projects such as Crocodile Breeding Project, Project Hangul and conservation of Himalayan Mush deer have also been launched by the Government of India.

**a) When was Project Tiger was launched?**

b) What is the major cause of diminishing wildlife number?

c) What are two main objectives of Wildlife Act 1972?

दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

भारत में वन्य प्राणी संरक्षण

भारत में वन्य प्राणियों के बचाव की परिपाटी बहुत पुरानी है | पंचतंत्र और जंगल बुक इत्यादि की कहानियां प्राणियों के प्रति प्रेम का उदाहरण प्रस्तुत करती है| इनका युवाओं पर महत्वपूर्ण प्रभाव है | वन्य प्राणी अधिनियम 1972 में पास हुआ जो वन्य प्राणियों के संरक्षण और रक्षण की कानूनी रूपरेखा तैयार करता है | इस अधिनियम के दो मुख्य उद्देश्य हैं; अधिनियम के तहत अनुसूची में सूचीबद्ध सकंटपन्न प्रजातियों को सुरक्षा प्रदान करना तथा राष्ट्रीय पार्क, पशु विहार जैसे संरक्षित क्षेत्रों को कानूनी सहायता प्रदान करना | इस अधिनियम को 1991 में पूर्णतया संशोधित कर दिया गया| इसके तहत कठोर सजा का प्रावधान किया गया | इसमें कुछ पौधों की प्रजातियों को बचाने तथा संरक्षित प्रजातियों के संरक्षण का प्रावधान है |

देश में 103 नेशनल पार्क तथा 535 वन्य प्राणी अभ्यारण है | यूनेस्को के मानव और जीव मंडल योजना के तहत भारत सरकार ने वनस्पति जात और प्राणी जात के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं | प्रोजेक्ट टाइगर (1973) और प्रोजेक्ट एलीफेंट (1992) जैसी विशेष योजनाएं इन जातियों के संरक्षण और उनके आवास के बचाव के लिए चलाई जा रही है| इनका मुख्य उद्देश्य भारत में बाघों और हाथियों की जनसंख्या का स्तर बनाए रखना है | जिससे वैज्ञानिक, सामाजिक-सांस्कृतिक और पारिस्थितिक मूल्य बनाए रखे जा सकें | शुरू में यह योजना 9 बाघ आरक्षित क्षेत्रों में शुरू की गई थी और यह 16339 वर्ग किलोमीटर पर फैली थी | अभी यह परियोजना 44 क्रोड बाघ निचयों में चल रही है और इसका क्षेत्रफल 36988 वर्ग किलोमीटर है, और 17 राज्यों में व्याप्त है | देश में बाघों की संख्या 2006 में 1411 से बढ़कर 2010 में 1706 हो गई है|

यह योजना मुख्य रूप से बाघ केंद्रित है परंतु फिर भी पारिस्थितिक तंत्र की स्थिरता पर जोर दिया जाता है | बाघों की संख्या का स्तर तभी ऊंचा रह सकता है जब पारिस्थितिक तंत्र विभिन्न पोषण स्तरों और इसकी भोजन कड़ी को बनाए रखा जाए इसके अलावा भारत सरकार द्वारा कुछ और परियोजनाएं जैसे- मगरमच्छ प्रजनन परियोजना, हंगुल परियोजना और हिमालय कस्तूरी मृग परि योजना भी चलाई जा रही है|


अ) बाघ परियोजना की शुरुआत कब हुई?


ब) वन्यजीवों की संख्या में ह्रास का मुख्य कारण क्या है?

स) वन्य प्राणी अधिनियम **1972** के दो मुख्य उद्देश्य क्या हैं?

Q.19. दिए गए चित्र का अवलोकन करें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें: 1x3

**Observe the above diagram and answer the following questions:**




**a) Why is troposphere the most important of all the layers of atmosphere?**
**b) What will happen to us in the absence of ozone in the atmosphere?**

**c) Write any one advantage of Ionosphere?**

अ) वायुमंडल की सभी परतों में क्षोभमंडल सबसे महत्वपूर्ण क्यों है**?**

ब) वायुमंडल में ओजोन कि अनुपस्थिति में हमारे ऊपर क्या प्रभाव होगा**?**

स) आयनमंडल का कोई एक लाभ लिखिए|

**Note: The following questions are for Visually Impaired Candidates only in lieu of Question No. 19.**
**a) Why is troposphere the most important of all the layers of atmosphere?**
**b) What will happen to us in the absence of ozone in the atmosphere?**

**c) Write any one advantage of Ionosphere?**

नोट**:** निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या **19** के स्थान पर हैं|

अ) वायुमंडल की सभी परतों में क्षोभमंडल सबसे महत्वपूर्ण क्यों है**?**

ब) वायुमंडल में ओजोन कि अनुपस्थिति में हमारे ऊपर क्या प्रभाव होगा**?**

स) आयनमंडल का कोई एक लाभ लिखिए|

## खंड-स /SECTION-C

प्रश्न संख्या **20** से **23** तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं **|**

**Question numbers 20 to 23 are Short Answer type questions**.

Q.20 Account the budget of heat received in the form of insolation equal the amount lost through terrestrial radiation by the earth with the help of diagram. 3
पृथ्वी के द्वारा सूर्याताप से प्राप्त ऊष्मा जो कि पार्थिव विकिरण से लौटाई गयी ऊष्मा के समान है, के बजट का सचित्र ब्यौरा प्रस्तुत करें |

अथवा/**OR**

In India, why is the day temperature maximum in May and why not after the summer solstice?
भारत में दिन का तापमान मई में अधिकतम क्यों होता है और ग्रीष्म संक्रांति के बाद क्यों नहीं?

Q.21 What are the implications of India having a long coastline? 3
भारत की लंबी तटरेखा के क्या प्रभाव हैं?

Q.22 Distinguish between systematic and regional approaches to geography. 3
भूगोल के क्रमबद्ध तथा प्रादेशिक उपागमों में अंतर कीजिए|

Q.23 How are tides related to navigation? 3
ज्वार- भाटा जल-परिवहन से कैसे संबंधित है?

## खंड-द /SECTION-D

प्रश्न संख्या **24** से **28** तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं |

**Question numbers 24 to 28 are Long Answer Types questions.**

Q.24 What are the major physiographic divisions of India? Differentiate between eastern coastal plain and western coastal plain. 5
भारत के प्रमुख भौतिक विभाग कौन से हैं? पूर्वी तटीय मैदान तथा पश्चिमी तटीय मैदान में अंतर कीजिए ।

Q.25 Notwithstanding the broad climatic unity, the climate of India has many regional variations. Elaborate this statement giving suitable examples 5
व्यापक जलवायु एकता के बावजूद, भारत की जलवायु में कई क्षेत्रीय विविधताएँ हैं। उपयुक्त उदाहरण देते हुए इस कथन की व्याख्या कीजिए।

Q.26 Running water is by far the most dominating geomorphic agent in shaping the earth's surface in humid as well as in arid climates. Explain. 5
आर्द्र व शुष्क जलवायु प्रदेशों में प्रवाहित जल ही सबसे महत्वपूर्ण भू-आकृतिक कारक है | विस्तार से वर्णन कीजिए|

**OR**/अथवा

Limestones behave differently in humid and arid climates. Why? What is the dominant and almost exclusive geomorphic process in limestone areas and what are its results?
चूना चट्टानें आर्द्र व शुष्क जलवायु में भिन्न व्यवहार करती हैं क्यों? चूना प्रदेशों में प्रमुख व मुख्य भू-आकृतिक प्रक्रिया कौन सी हैं और इसके क्या परिणाम हैं?

Q.27 Bring about the basic difference between the Continental Drift theory and Plate Tectonics**.** 5
महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धांत और प्लेट विवर्तनिकी सिद्धांत में मूलभूत अंतर बताइए |

**OR**/अथवा

What are the evidences suggested by Wegener in support of the continental drift theory?
महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धांत के पक्ष में दिए गए प्रमाणों का वर्णन कीजिए|

Q.28 What are the important characteristic features of north Indian rivers? How are these different from Peninsular rivers? 5
उत्तर भारत की नदियों की प्रमुख विशेषताएँ क्या हैं? ये प्रायद्वीपीय नदियों से कैसे भिन्न हैं?

## खंड- य /SECTION –E

प्रश्न संख्या **29** और **30** मानचित्र आधारित प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक में सात उप-भाग हैं।
**Question numbers 29 & 30 are Map based questions having 7 sub-parts each.**

Q.29 **On the given outline political map of the World, following seven geographical features have been marked as A, B, C, D, E, F and G. Identify any five with the help of the following information and write their correct names on the line drawn near each feature.** 5

A- An Ocean as well as continent
B- A Hot Desert
C- Highest tides in the world
D- A Warm Current
E- A Cold Current
F- A Ecological Hotspot
G- A Minor Plate

विश्व के दिए गए राजनैतिक रेखा मानचित्र पर निम्नलिखित सात विशेषताएं **A, B, C, D, E, F** और **G** के रूप में दिखाई गयी हैं | इनमें से किन्ही पांच विशेषताओं की पहचान नीचे दिए गए सूचना के आधार पर कीजिए और विशेषताओं के निकट खीची गई रेखा सही उत्तर लिखिए|
A- एक महाद्वीप के साथ-साथ महासागर
B- एक उष्ण मरुस्थल
C- विश्व की सबसे ऊँचा ज्वार
D- एक गर्म जलधारा
E- एक ठंढी जलधारा
F- एक पारिस्थितिक तप्त स्थल
G- एक छोटी प्लेट

**Note: The following questions are for Visually Impaired Candidates only in lieu of Question No. 29. (Attempt any five)**
(29.1) Write the name of any two major plates.
(29.2) What is Ring of Fire?
(29.3) What is the largest continent of the world?
(29.4) Name the largest Ocean
(29.5) Place receive Highest tides in the world
(29.6) What do you mean by Ecological Hot spot?
(29.7) A Continent as well as Ocean

नोट**:** निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या **29** के स्थान पर हैं**|** किन्ही पांच के उत्तर दीजिए**:**
(29.1) दो वृहद् प्लेटों के नाम लिखिए|
(29.2) 'अग्नि मेखला' क्या है?
(29.3) विश्व के सबसे बड़े महाद्वीप का नाम लिखिए|
(29.4) विश्व के सबसे बड़े महासागर का नाम लिखिए|
(29.5) विश्व में सबसे ऊँची ज्वार कहाँ आती है?
(29.6) पारिस्थितिक तप्त स्थल से आप क्या समझते हैं?
(29.7) एक महाद्वीप के साथ महासागर

Q.30 **Locate and label any five of the following geographical features on the Political Outline map of India with appropriate symbols:** 5

(a) Aravalli Mountain Range
(b) Malabar Coastal Plain.
(c) Narmada River
(d) Kanchenjunga Peak
(e) Southern Most point of main land of India
(f) Gulf of Mannar
(**g**) Kaziranga National park

भारत के दिए गए राजनैतिक रेखा मानचित्र पर निम्नलिखितकोई पांच भौगोलिक विशेषताओं को उचित चिह्नों द्वारा दर्शाइए**-**

(a) अरावली पर्वत श्रेणी
(b) मालाबार तटीय मैदान
(c) नर्मदा नदी
(d) कंचजंगा चोटी
(e) भारत के मुख्य भूमि का दक्षिणतम बिंदु
(f) मन्नार की खाड़ी
(g) काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान

**Note: The following questions are for Visually impaired students in lieu of Question No. 30 (Attempt any five)**


(30.1) What is the longitudinal extent of India?
(30.2) Which River known as ‘South Ganga’?
(30.3) Write the name of a river flow in rift valley
(30.4) Highest mountain peak of India
(30.5) What is the Southern Most point of main land of India?
(30.6) In which state of India Chilka lake is situated?
(30.7) In which state Kaziranga National park is situated


नोट**:** निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या **30** के स्थान पर हैं**|** किन्ही पांच प्रश्नों के उत्तर लिखिए**|**

(30.1) भारत का देशंतारीय विस्तार लिखिए|
(30.2) 'दक्षिण गंगा' के नाम से जानी जाने वाली नदी का नाम लिखिए|
(30.3) भारत में भ्रंश घाटी में बहाने वाली किसी एक नदी का नाम लिखिए |
(30.4) भारत की सबसे ऊँची चोटी कौन सी है|
(30.5) भारत के मुख्य भूमि का दक्षिणतम बिंदु का क्या नाम है?
(30.6) चिल्का झील भारत के किस राज्य में स्थित है?
(30.7) काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान कहाँ स्थित हैं?

QUESTION-29 / प्रश्न-29

**WORLD - POLITICAL** **संसार-राजनैतिक**




INDIA
OUTLINE MAP WITH STATES
& UNION TERRITORIES
Map not to Scale
Copyright © 2020 www.mapsofindia.com